# पीएमईजीपी में 11 हजार से अधिक इकाइयों की स्थापना

**लखनऊ (वि)।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (लखनऊ) के राज्य निदेशक डॉ. नितेश धवन ने कहा कि पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत विनिर्माण क्षेत्र में 50 लाख रुपये तथा सेवा क्षेत्र में 20 लाख रुपये तक की स्वीकार्य लागत की इकाई का ऋण बैंकों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। लाभार्थी को कुल परियोजना लागत का 15 से 35 प्रतिशत तक की अनुदान राशि (मार्जिन मनी) दी जाती है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में योजना के अंतर्गत 11,586 नई इकाइयां स्थापित की गईं और 93,000 नए रोजगार सृजित किए गए। योजना में लाभान्वित उद्यमियों द्वारा उत्पादों का प्रदर्शन एवं विपणन खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा देश-विदेश में लगाई जा रही प्रदर्शनी और खादी बिक्री भवनों के माध्यम से की जा रही है।